केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

******

*प्रथम अपील सं.* CICOM/A/P/21/00062
*संदर्भ संचिका सं.* CICOM/R/P/21/00249
***अपीलकर्ता*** : श्री गिरीश प्रसाद गुप्ता
ग्राम: शोकहारा - २,
राजेंद्र पथ बरौनी, पोस्ट - बरौनी - 851112
जिला - बेगूसराय (बिहार)

| | |
|---|---|
| *आर.टी.आई. आवेदन की तिथि* | *13.05.2021* |
| *संबंधित केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी को आवेदन प्राप्त होने की तिथि* | *24.05.2021* |
| *आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि* | *31.05.2021* |
| *प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी* | श्री बी.एस.कसाना |
| *प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि* | *08.06.2021* |
| *प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में प्रथम अपील आवेदन प्राप्त होने की तिथि* | *28.06.2021* |
| *निर्णय की तारीख* | *16.07.2021* |

***I मांगी गई सूचना***

*अपीलकर्ता द्वारा दिनांक* 13.05.2021 *के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से निम्नलिखित सूचनाएं मांगी गई थी:-*

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
19 JUL 2021
D. No.............................
Initials...........................

1. CIC/ECRHJ/A/2019/130120,
2. CIC/ECRHJ/A/2019/121388,
3. CIC/MORLY/A/2019/114785
4. CIC/RAILB/A/2019/114787

उपर्युक्त सभी फाइलों / मामलों की सुनवाई दिनांक 16.04.2021 को हुई थी / निर्णय / आदेश दिनांक 13.05.2021 तक अप्राप्त है। कृपया वस्तुस्थिति की पूर्ण जानकारी सभी प्रासंगिक साक्ष्यों के साथ उपलब्ध कराएं।

II ***प्रदान की गई सूचना***

श्री बी.एस.कसाना, *केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक* 31.05.2021 *के पत्र के माध्यम से निम्नलिखित सूचनाएं प्रेषित की गई:-*

"आयोग के आदेश संख्या CIC/ECRHJ/A/2019/130120, CIC/ECRHJ/A/2019/121388, CIC/MORLY/A/2019/114785 & CIC/RAILB/A/2019/114787 दिनांकित 26.04.2021 की प्रतिलिपियाँ प्राप्त नहीं होने संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आदेशों को आयोग की वेबसाइट: - https://dsscic.nic.in/cause-list-report-web/view-decision-all/1 पर दिनांक 27.04.2021 को अपलोड कर दिया था जो उक्त वेबसाइट पर जाकर देखे जा सकते है व डाउनलोड भी किये जा सकते है। तदपि, उपरोक्त आदेशों की प्रतिलिपियाँ इस पत्र के साथ संलग्न है।"

***III प्रथम अपील का आधार***

अपीलकर्ता, केंद्रीय जन सूचना अधिकारी के जवाब से संतुष्ट नहीं है ।

***IV निर्णय***

आर. टी. आई. आवेदन, प्रदान की गई सूचना एवं प्रथम अपील का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के आर.टी.आई. आवेदन सं. CICOM/R/P/21/00249 के प्रतिउत्तर में केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (DR to IC (AP) ) द्वारा प्रेषित की गई सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुसार ही है, इसलिय इस मामले में प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

*V. तदनुसार अपील निस्तारित की जाती है ।*

*VI. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।*

*निर्णय की दिनांक : 16.07.2021*

16/07/2021

**(अजीतकुमार वसंतराव सोनटक्के)**
***प्रथम अपीलीय अधिकारी***
***दूरभाष - 011-26162290***

*प्रतिलिपि :*

1). केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।